भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1472 का उत्तर

अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन

1472. श्री अभय कुमार सिन्हा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का 20 लाख की आबादी वाले क्षेत्र के निकटतम रेलवे स्टेशन अनुग्रह नारायण रोड पर रेलगाड़ी संख्या 12987/12988 हेतु ठहराव देने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन वर्तमान में 32 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित है, जिनमें 15021/15022 शालीमार-गोरखपुर एक्सप्रेस (04.10.2023 से ठहराव प्रदान किया गया) और 12311/12312 हावड़ा-कालका एक्सप्रेस (14.02.2024 से ठहराव प्रदान किया गया) शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर रेलगाड़ियों के ठहराव का प्रावधान सतत् प्रक्रिया है।

*****